
## Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# डीएम के निर्देशन में कलैक्ट्रेट को दुल्हन की तरह सजाया गया

## कलैक्ट्रेट के आस-पास की बदनुमा दीवारों पर आकर्षक वॉल पेंटिंग से सजाया गया

**निर्देश**

**संवाददाता**

नैनीताल। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत रविवार को कलैक्ट्रेट आगमन को लेकर जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देशन में कलैक्ट्रेट को दुल्हन की तरह सजाया गया है। कलैक्ट्रेट के आस–पास की बदनुमा दीवारों पर आकर्षक वॉल पेंटिंग स्कूली बच्चों द्वारा जिलाधिकारी के मार्ग–दर्शन में तैयार की जा रहीं हैं। गौरतलब है कि प्रदेश के मुखिया प्रथम बार कलैक्ट्रेट आ रहे हैं, जहॉ जिलाधिकारी के निर्देशन में तैयार किए गए तृप्ति पोर्टल, सूद एप एवं पोर्टल, टेलीमेडिसिन सेवा, संतुष्टि पोर्ट का शुभारंभ करने के साथ ही विभिन्न विभागों की लगभग 8554 लाख की योजनाओं का लाकार्पण एवं शिलांयास करेंगे।

कलैक्ट्रेट में मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत का स्वागत छोलिया कलाकारों के अवाला सूचना व संस्कृति विभाग के कलाकारों द्वारा कुमाऊॅनी परिवेश में किया जाएगा।



वॉल पेंटिंग करते विद्यार्थी।

प्रतिभावान बच्चों को अपनी चित्रकारिता का हुनर दिखाने एवं अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने के लिए जिलाधिकारी श्री सविन बंसल द्वारा लगातार मंच उपब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में कलैक्ट्रेट तथा कैम्प कार्यालय के मध्य की खाली दीवारों को पेंटिंग हेतु उपयुक्त बनाकर विभिन्न विद्यालयों के 20 ग्रुप्स के 90 विद्यार्थियों को पुनः मंच प्रदान किया गया है। जिसमें बच्चों द्वारा सुन्दर–सुन्दर आकृतियॉ रंगों और ब्रूश के जरिए उकेरी जा रही हैं। बच्चों द्वारा पूरी तन्मयता के साथ इस काम को अपने हाथ में लिया, बच्चों द्वारा जिलाधिकारी आवास व कलैक्ट्रेट की दीवारों पर सुन्दर–सुन्दर संदेशात्मक चित्र (पेंटिंग) उकेरी जा रही हैं। प्रत्येक पेंटिंग देखने वाले को कुछ न कुछ जीवन का संदेश दे रही है। लोग इनको देखकर काफी आश्चर्यचकित हैं। जनता द्वारा बच्चों की चित्रकारी के साथ ही जिलाधिकारी की इस पहल की भूरी–भूरी प्रशंसा की जा रही है।

जिलाधिकारी ने कहा है कि बचपन से ही बच्चे काफी प्रतिभाशाली होते हैं तथा उनके भीतर विभिन्न प्रकार के कलात्मक गुण विद्यमान होते हैं, जरूरत इस बात की है कि बच्चों की इस प्रतिभा को सामने लाने तथा निखारने के लिए एक उचित मंच दिया जाए। उन्होंने कहा कि जिलेभर के बच्चों को साथ लेकर पेंटिंग करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे जनपद के होनहार बच्चे अपनी अद्‌भुत चित्रकारी प्रतिभा से जिलेभर की सरकारी भवनों की दीवारों, चार दीवारियो तथा खाली पड़ी दीवारों पर सुन्दर–सुन्दर चित्र बनाकर दीवारों को सजायेंगे, इससे दीवारों का विद्रुपीकरण रूकेगा और सरकारी कार्यालयों में आने वाले लोगों को यह चित्र एक सुःखद अनुभव के साथ ही जीवन का संदेश देंगे।

## न्यूज डायरी

### आनलाइन आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि 06 दिसम्बर

**संवाददाता** अल्मोड़ा। प्रधानाचार्य सैनिक स्कूल, घोड़ाखाल कर्नल समीता मिश्रा ने बताया कि सैनिक घोड़ाखाल में वर्ष 2020–21 में प्रवेश हेतु आनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये है। उन्होंने बताया कि प्रवेश हेतु बालिकाओं की उम्र 01 अप्रैल, 2008 से 31 मार्च, 2010 के मध्य हो। प्रवेश परीक्षा में प्रश्नपत्रों का विषय (प्रश्नों की कुल सं0 सहित) गणित 50, सामान्य ज्ञान 25, भाषा 25, बौद्धिक परीक्षा 25 होगा। उन्होंने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया प्रत्येक वर्ग की वरीयता के आधार पर तथा चिकित्सा जॉच में फिट पाये जाने पर (प्रवेश परीक्षा ओ0एम0आर0 पर आधारित) होगी। इस प्रवेश हेतु कुल अनुमानित सीटे 07 है। प्रवेश परीक्षा की तिथि 05 जनवरी, 2020 है, आनलाईन आवेदन पत्र भरने की अन्तिम तिथि 06 दिसम्बर है। उन्होंने बताया कि इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए स्कूल की वेबसाईट पर जा सकते हैं।

### वार्षिक प्रयोगात्मक परीक्षायें 13 से 15 दिसम्बर तक

**संवाददाता** अल्मोड़ा। प्रधानाचार्य भातखण्डे हिन्दुस्तानी संगीत महाविद्यालय योगेश पंत ने बताया कि संस्थागत व्यक्तिगत अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं को अवगत कराया है कि उनकी वार्षिक प्रयोगात्मक परीक्षायें 13 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक सम्पन्न करायी जायेगी। उन्होंने सभी छात्र–छात्राओं से 12 दिसम्बर तक महाविद्यालय कार्यालय से प्रवेश पत्र लेने की अपील की है।

### बिना किसी कारण ट्रेनें रोककर यात्रियों को परेशान कर रहा है रेलवे विभाग

**संवाददाता** हरिद्वार। महानगर व्यापार मंडल के प्रतिनधिमण्डल ने महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता सुनील सेठी के नेत्रत्व में हरिद्वार में रेलवे विभाग द्वारा ट्रेनों की आवाजाही बिना किसी कारण बन्द करने पर नाराजगी जताते हुए हरिद्वार रेलवे अधीक्षक एम् के सिंह से मुलाकात करके उनके माध्यम से रेलवे के महामंडल प्रबंधक मुरादाबाद को ज्ञापन भेजा। जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने रेलवे प्रबंधक से मांग करते हुए कहा कि रेलवे का कार्य ऋषिकेश वाली लाइनों पर चल रहा है। उसके बावजूद हरिद्वार तक यात्रियों की आने वाली मुख्य ट्रेनों की आवाजाही बन्द करके हरिद्वार के व्यापारियों, आने वाले तीर्थयात्रियो, आम जनमानस पर कुठाराघात किया जा रहा है।

हरिद्वार में यात्रियों के नही आ पाने की वजह से व्यापार पर बुरा असर पड़ रहा है। पहले ही दीपावली पर गंगा बन्दी की वजह से व्यापार कम हुआ अब उसके बाद रेलवे द्वारा हरिद्वार की मुख्य ट्रेनों को रोककर यहाँ के व्यापार पर गहरा संकट खड़ा कर दिया है।

# 'सघन मिशन इन्द्रधनुष–2.0' पर मीडिया वर्कशॉप आयोजित

**उद्देश्य**

अल्मोड़ा। **संवाददाता**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय अल्मोड़ा में ''सघन मिशन इन्द्रधनुष–2.0'' कार्यक्रम के अर्न्तगत प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सविता हयांकी की अध्यक्षता में जनपद स्तर पर ''मीडिया वर्कशॉप'' आयोजित की गयी।

इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ0 योगेश पुरोहित ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नियमित टीकाकरण में छूट गये 0 से 2 वर्ष के बच्चों एवं गर्भवती माताओं को सर्वे के आधार पर चिन्हित कर पूर्ण प्रतिरक्षित किया जाना है।

उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम आगामी 4 माहों में माह के प्रथम सोमवार से 7 कार्य दिवसों में (बुधवार और शनिवार को छोडकर) 02 दिसम्बर 2019, 06 जनवरी 2020, 03 फरवरी 2020, 02 मार्च 2020 से सम्पादित किया जाना है। उन्होंने कहा कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है एवं विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों के सफल संचालन में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रही है एवं इस अभियान के व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए मीडिया का सहयोग अपेक्षित है।



'सघन मिशन इन्द्रधनुष–2.0' पर आयोजित मीडिया वर्कशॉप में प्रतिभाग करते हुए।

## पाइपलाइन लीकेज का कार्य युद्धस्तर पर किए जाने पर सीएम का आभार जताया



जलसंस्थान कर्मी पाइपलाइन लीकेज को ठीक करते हुए।

**संवाददाता** हरिद्वार। चंडी चौराहे से रेलवे रोड मार्ग, पुराने लाल तारों पुल स्थित जल संस्थान, जल निगम की लापरवाही की वजह से शुद्ध पेयजल, पाइप लाइन से लीकेज होने के कारण माँ गंगा में शुद्ध पेयजल गंदा होकर जा रहा था। पेयजल पाइप लाइन लीकेज स्थाई विकल्प को लेकर पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष, भाजपा नेता संजय चोपड़ा की अगुवाई में लंबे समय से आंदोलन चलाया जा रहा था। आंदोलन के दृष्टिगत मुख्यमंत्री सचिवालय से दिशा निर्देश के उपरांत जल संस्थान द्वारा पाइपलाइन लीकेज का कार्य युद्ध स्तर पर प्रारंभ होने पर स्थानीय नागरिकों व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री, शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक का संयुक्त रूप से आभार जताया।

## स्वदेशी संदेश यात्रा को किया गया नगर भ्रमण के लिए रवाना

**संवाददाता** हरिद्वार। स्वदेशी जागरण मंच की राष्ट्रीय सभा में प्रसिद्ध अर्थशास्त्री एवं राष्ट्रीय सह संयोजक आरएस सुंदरम ने देश के विभिन्न भागों से आएं स्वदेशी के योद्धाओं को जागृत कर देश की वर्तमान परिस्थितियों पर उनका ध्यान आकृष्ट करते हुए व्याख्यान प्रस्तुत किए। जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक अश्वनी महाजन ने स्वदेशी के कार्यों और उनकी नीतियों पर व्याख्यान देते हुए कहा कि 1991 से लेकर अब तक की विकास यात्रा में स्वदेशी जागरण मंच अपनी अलग पहचान बनाए हुए हैं चाहे डब्ल्यूटीओ या भूमंडलीकरण से होने वाले नुकसान को लेकर जन चेतना जगाने का काम हो या फिर विगत दिनों चीन, जापान, ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों की साजिश को नाकाम करने का काम भी स्वदेशी जागरण मंच ने ही किया है।

वहीं दूसरी ओर स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संयोजक अरूण ओझा, राष्ट्रीय संगठक कश्मीरी लाल, सतीश कुमार, राजीव शर्मा ने स्वदेशी संदेश यात्रा को प्रेमनगर आश्रम से नगर भ्रमण के लिए रवाना किया।

# सीएम हेल्पलाइन 1905 पर हुआ 11,175 शिकायतों का संतुष्टि के साथ समाधान

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने 23 फरवरी 2019 को जनता की सहूलियत के लिए सीएम हेल्पलाइन 1905 का देहरादून में उद्‌घाटन किया था। जिसका मकसद यह था की जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिये दूर दराज के क्षेत्रों से मुख्यमंत्री कार्यालय या सचिवालय के चक्कर ना काटने पड़ें, जिससे जनता के समय और धन दोनों की बचत होगी तथा जनता घर बैठे ही सरकार तक विभागों की समस्या ऑनलाइन या फोन पर बता सकेगी।

इसके लिए मुख्यमंत्री ने वेबसाइट, मोबाइल एप और टोलफ्री फोन नंबर 1905 जनता के लिये शुरू किया था, जिसमे अधिकारियों को शिकायत प्राप्त

> जनता घर बैठे ही सरकार तक विभागों की समस्या ऑनलाइन या फोन पर बता सकेगी

होते ही 7 दिन के भीतर शिकायत पर कार्यवाही शुरू करना अनिवार्य है। लांच करने के कुछ समय बाद से ही जनता की शिकायतों का समाधान होने लगा है।

सीएम हेल्पलाइन में उत्तराखंड के 3900 अधिकारियों को जोड़ दिया गया है जिसमे एल1 (ब्लाक, तहसील,नगर), एल 2 (जिला), एल 3 (प्रदेश) और एल 4 (शासन के सचिव) स्तर के अधिकारी हैं। सभी अधिकारियों को यूजर नेम और पासवर्ड शिकायत का निस्तारण करने के लिए दिया गया है। इसमें प्रत्येक माह आयुक्त गढ़वाल मंडल और आयुक्त कुमाऊं मंडल सभी जिलों के अधिकारियों की समीक्षा बैठकें भी ले रहे हैं और शिकायतों के गुणवत्ता पूर्वक समाधान पर प्रतिदिन मंडल आयुक्तों और जिला अधिकारियों द्वारा नजर रखी जा रही है।

शिकायतों पर लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर शासकीय कार्यवाही और अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों को पुरुस्कार के लिये चयनित किये जाने के शासनादेश भी जारी हो चुके हैं। 30 नवम्बर को जारी सीएम हेल्पलाइन की रिपोर्ट में अभी तक सीएम हेल्पलाइन 1905 पर 23 फरवरी, 2019 से 30 नवम्बर, 2019 तक 11 हजार 175 शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि के साथ शिकायतों का समाधान किया गया है।